# पंजाब ने मुंबई को सात विकेट से हराया

## प्रभसिमरन और अय्यर की शतकीय साझेदारी ने डिकॉक के शतक पर फेरा पानी



**मुंबई 16 अप्रैल.** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को सात विकेट से करारी शिकस्त दे दी।

### जीत के साथ पंजाब अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची

196 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम ने 16.3 ओवर में ही तीन विकेट खोकर 198 रन बना लिए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के नायक प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर रहे, जिन्होंने तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर मुंबई के गेंदबाजों को पूरी तरह दबाव में ला दिया।

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को शुरुआती झटका रेयान रिकेल्टन के रूप में लगा, जो केवल दो रन बनाकर अर्शदीप सिंह का शिकार बने। इसके बाद सूर्यकुमार यादव भी बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। शुरुआती दो झटकों के बाद क्विंटन डिकॉक और नमन धीर ने पारी को संभाला और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। डिकॉक ने बेहद शानदार बल्लेबाजी करते हुए 53 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने पूरे मैच में आक्रामक अंदाज दिखाया और पंजाब के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। डिकॉक अंत तक नाबाद रहे और 112 रनों की बेहतरीन पारी खेली। उनकी इस पारी में चौकों और छक्कों की शानदार बारिश देखने को मिली। दूसरी ओर नमन धीर ने भी उनका बेहतरीन साथ निभाया और 31 गेंदों में 50 रन बनाए। दोनों के बीच 122 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई, जिसने मुंबई को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

196 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत संभली हुई रही। प्रियांश आर्या 15 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन इसके बाद प्रभसिमरन सिंह ने पारी को तेजी से आगे बढ़ाया। दूसरे छोर से कूपर कोनोली ने 17 रन का योगदान दिया, लेकिन असली मैच बदलने वाली साझेदारी प्रभसिमरन और कप्तान श्रेयस अय्यर के बीच देखने को मिली। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार तालमेल के साथ बल्लेबाजी की और तेजी से रन बटोरे। प्रभसिमरन सिंह ने अपना अर्धशतक पूरा करते हुए मुंबई के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने जिम्मेदारी भरी खेली। 16.3 ओवर में ही पंजाब ने लक्ष्य हासिल कर लिया और सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

### कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीबीकेएस | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | +1.06 |
| 2. | आरसीबी | 5 | 4 | 1 | | 8 | +1.50 |
| 3. | आरआर | 5 | 4 | 1 | | 8 | +0.88 |
| 4. | हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | | 4 | +0.57 |
| 5. | डीसी | 4 | 2 | 2 | | 4 | +0.32 |
| 6. | जीटी | 4 | 2 | 2 | | 4 | -0.02 |
| 7. | एलएसजी | 5 | 2 | 3 | | 4 | -0.80 |
| 8. | सीएसके | 5 | 2 | 3 | | 4 | -0.84 |
| 9. | एमआई | 5 | 1 | 4 | | 2 | -1.07 |
| 10. | केकेआर | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | -1.38 |

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस बल्लेबाजी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| रायन रिकेल्टन | 2 | 8 | 0 | 0 |
| क्विंटन डी कॉक | 112 | 60 | 8 | 7 |
| सूर्यकुमार यादव | 0 | 1 | 0 | 0 |
| नमन धीर | 50 | 31 | 3 | 3 |
| हार्दिक पांड्या | 14 | 12 | 0 | 1 |
| शेरफेन रदरफोर्ड | 1 | 5 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा | 8 | 3 | 2 | 0 |
| मयंक रावत | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 8, **कुल** 20 ओवर में 195/6

**पंजाब गेंदबाजी-** अर्शदीप सिंह 4-0-22-3, मार्को जेनसेन 4-0-30-1, जेवियर बार्टलेट 4-0-39-0, विजयकुमार वैशाक 3-0-36-0, युजवेंद्र चहल 3-0-45-0, शशांक सिंह 2-0-19-1,

| पंजाब किंग्स बल्लेबाजी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य | 15 | 9 | 2 | 1 |
| प्रभसिमरन सिंह | 80 | 39 | 1 | 1 |
| कूपर कॉनॉली | 17 | 12 | 1 | 2 |
| श्रेयस अय्यर | 66 | 35 | 5 | 4 |
| मार्कस स्टोइनिस | 10 | 5 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त** 10,
**कुल** 16.3 ओवर में 198/3

**मुंबई गेंदबाजी-** दीपक चाहर 2.3-0-45-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-41-0, एएम गज़नफ़र 4-0-31-2, हार्दिक पंड्या 3-0-39-0, शार्दुल ठाकुर 3-0-42-1

## चेन्नई सुपर किंग्स की मुश्किलें बढ़ीं

# खलील अहमद आईपीएल से हुए बाहर



**चेन्नई, 16 अप्रैल** दाई जांघ में चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शेष मैचों से बाहर हो गये हैं।

### मुकेश चौधरी और रामकृष्ण घोष विकल्प के तौर पर मौजूद

सीएसके की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'इस चोट को ठीक होने में 12 हफ्तो से अधिक का समय लगेगा।'

खलील की चोट से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि टीम पहले से ही एमएस धोनी और नाथन एलिस के बिना खेल रही है। धोनी अभी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं और उनकी रिकवरी दो सप्ताह से अधिक खिंच चुकी है। हालांकि धोनी टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने पूरी तरह से अभ्यास शुरू नहीं किया है। नाथन एलिस पूरे सीजन से बाहर हैं, जबकि उनके रिप्लेसमेंट स्पेंसर जॉनसन भी चोट से उबर रहे हैं और अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं।

महाराष्ट्र के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और रामकृष्ण घोष खलील की जगह लेने के विकल्प हैं। जहां बाएं हाथ के मुकेश चौधरी सीधे तौर पर उनकी जगह ले सकते हैं, वहीं घोष दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं जो बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं।

## माने ने सोनी और शाह के साथ बढ़त बनाई

**जोहान्सबर्ग, 16 अप्रैल** ओलंपियन उदयन माने, जो एएम ग्रीन आईजीपीएल इनविटेशनल साउथ अफ्रीका में अपनी पहली जीत की तलाश में थे, ने बोगी फ्री शुरुआत की और पहले दिन 7-अंडर 65 का कार्ड खेलकर दो अन्य के साथ बराबरी पर थे। तीनों मैदान से एक-एक शॉट आगे थे, लेकिन एक बड़ा ग्रुप उनका पीछा कर रहा था क्योंकि छह अन्य उनसे दो शॉट के अंदर थे। हैदराबाद के मिलिंद सोनी, जिन्होंने पिछले हफ्ते मॉरिशस में संयुक्त-6 पर रहने से पहले अच्छी शुरुआत की थी, ने 65 के साथ एक और अच्छी शुरुआत की।



# फाइनल में पहुंची जापान अंडर-20 महिला टीम

## सेमीफाइनल में चीन को 2-0 से हराया

**बैंकॉक, 16 अप्रैल** बैंकॉक — एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के सेमीफाइनल मुकाबले में जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला थाईलैंड

### अब उत्तर कोरिया से होगा मुकाबला

के थम्मासैट स्टेडियम में खेला गया, जहां जापानी टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और चीन को वापसी का कोई बड़ा अवसर नहीं दिया।

मैच की शुरुआत बेहद तेज रही और जापान ने पहले ही मिनटों से दबाव बनाना शुरू कर दिया। माओ इतामुरा ने मैच के पांचवें ही मिनट में दाएं पैर से सटीक शॉट लगाकर जापान को शुरुआती बढ़त दिला दी। यह गोल चीन की रक्षा पंक्ति के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ और टीम शुरुआती झटके से उबर नहीं पाई। इसके बाद 24वें मिनट में नोआ फुकुशिमा ने एक शानदार फ्री किक के जरिए गोल दागते हुए जापान की बढ़त को 2-0 कर दिया। इस गोल ने मैच में जापान की पकड़ को और मजबूत कर दिया और पहले हाफ में ही मुकाबला काफी हद तक उसके पक्ष में चला गया। चीन की गोलकीपर लियू चेन ने भी कई अहम बचाव करते हुए अपनी टीम को मैच में बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन जापानी दबाव के आगे टीम सफल नहीं हो सकी।

चीन को मैच का सबसे अच्छा मौका अंतिम सीटी से ठीक पहले मिला, लेकिन लू जियायु इसे गोल में तब्दील करने में असफल रहीं।

# टखने की चोट के कारण डेविड पेन बाहर

## पेन टीम में जैक एडवर्ड्स की जगह आए थे



**हैदराबाद, 16 अप्रैल** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड पेन टखने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पेन टीम में जैक एडवर्ड्स की जगह आए थे, जो पहले ही पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे। एसआरएच ने अभी तक पेन की जगह किसी दूसरे खिलाड़ी का नाम नहीं बताया है।

35 साल के पेन इस सीजन में सिर्फ दो मैच खेले। उन्होंने सीजन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ़ 35 रन देकर 2 विकेट लिए थे, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 35 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाए थे।

2016 की चैंपियन टीम चोटों की मार झेल रही है। इंग्लैंड के ऑलराउंडर ब्रायडन कार्स भी हाल ही में चोट के कारण बाहर हो गए थे। उन्हें सीज़न की शुरुआत में नेट सेशन के दौरान हाथ में चोट लग गई थी। वह एक भी मैच नहीं खेल पाए थे, जिसके बाद एसआरएच ने उनकी जगह श्रीलंका के तेज़ गेंदबाज़ दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल किया था।

# पीडब्ल्यूएल स्टार्स का ग्लोबल स्टेज पर दबदबा जारी

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल** इस साल की शुरुआत में प्रोफेशनल रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) की सफल वापसी का असर अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी साफ दिखाई दे रहा है।

जनवरी में नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में विश्वस्तरीय पहलवानों के साथ भारत के स्थापित और उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे यह एक शीर्ष प्रतिस्पर्धी मंच के रूप में और मजबूत हुआ। लीग का प्रभाव अब अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन में नजर आ रहा है, जो एक मजबूत घरेलू प्रतिस्पर्धी ढांचे की अहमियत को दर्शाता है। इस सूची में सबसे आगे सुजीत कलकल रहे हैं, जो पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में दुनिया के शीर्ष पहलवानों में शामिल हो चुके हैं। वर्तमान में ईरान के विश्व चैंपियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता रहमान अमौज़ाद के बाद विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सुजीत ने पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उन्होंने सात में से छह मुकाबले जीतकर उपविजेता का स्थान हासिल किया।

### एक नजर में



## एकिटिके फुटबॉल विश्वकप से बाहर

**लंदन.** फ्रांस के स्ट्राइकर ह्यूगो एकिटिके, लिवरपूल के चैंपियंस लीग मैच में पेरिस सेंट-जर्मेन से हार के दौरान एच्लीस टेंडन में चोट लगने के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। एकिटिके पहले हाफ में फिसलने के बाद एनफील्ड के मैदान से स्ट्रेचर पर बाहर निकले। लिवरपूल को डर है कि 23 साल का यह खिलाड़ी लंबे समय तक खेल से बाहर रह सकता है, जिससे वह अगले सीजन की शुरुआत में भी नहीं खेल पाएगा। बुधवार को उनका स्कैन हुआ, जिसमें गंभीर चोट की पुष्टि हुई हे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को जारी एक बयान में लिवरपूल ने उनके ठीक होने की कोई समय-सीमा नहीं बताई। क्लब ने कहा, 'चोट के स्कैन से बाद में एच्लीस टेंडन फटने की पुष्टि हुई है। इसलिए, एकिटिके क्लब सीजन के बाकी हफ्तो के लिए खेल से बाहर रहेंगे और इस गर्मी में फ्रांस के साथ होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इस बारे में आगे की जानकारी सही समय पर दी जाएगी।'

## शुभंकर शर्मा ने सात शॉट की बनाई बढ़त

**हैदराबाद.** पिछले दिन के शीर्ष खिलाड़ी शुभंकर शर्मा ने आठ अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर हैदराबाद के बोल्डर हिल्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये इनामी राशि वाले पहले बोल्डर्स क्लासिक के तीसरे राउंड के बाद कुल 20 अंडर 196 के स्कोर के साथ अपनी बढ़त सात शॉट तक बढ़ा ली। 29 वर्षीय शुभंकर (66-66-64), जो डीपी वर्ल्ड टूर के दो बार के विजेता हैं, ने एक दिन पहले हनी बैसोया द्वारा बनाए गए कोर्स रिकॉर्ड की बराबरी की। उनके इस राउंड में नौ बर्डी और एक बोगी शामिल रही, जिससे उन्होंने अंतिम दिन से पहले मुकाबले पर मजबूत पकड़ बना ली। दिल्ली के राशिद खान (67-70-66), चंडीगढ़ के अंगद चीमा (68-69-66) और हैदराबाद के विशेष शर्मा (65-70-68) कुल 13 अंडर 203 के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं, जो लीडर से सात शॉट पीछे हैं। राशिद और चीमा ने छह अंडर 66 के स्कोर बनाए, जबकि विशेष ने चार अंडर 68 का कार्ड किया। चंडीगढ़ के अजीतेश संधू, जो एशियन टूर के पूर्व विजेता और डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई पर पांच बार के विजेता हैं, ने लगातार तीसरे दिन चार अंडर 68 का स्कोर बनाकर कुल 12 अंडर 204 के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई रैंकिंग लीडर सप्तक तलवार ने छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर कुल 11 अंडर 205 के साथ छठे स्थान पर जगह बनाई, जहां वे हनी बैसोया (64-69) के साथ संयुक्त हैं।

# वैशाली ने जीता फिडे विमेंस कैंडिडेट्स का खिताब

**साइप्रस/ नयी दिल्ली 16 अप्रैल** भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

### खेल मंत्री मांडविया ने दी बधाई

केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस उपलब्धि पर वैशाली को बधाई दी।

बुधवार को 14 राउंड के इस मुकाबले में आखिरी राउंड में कतेरीना लाग्नो को हराकर वैशाली ने खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ ही उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का टिकट मिल गया है, जहां उनका सामना चीन की जू वेनजुन से होगा।



> मांडविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने पर आर वैशाली को हार्दिक बधाई।

# विश्व कप प्रशंसकों को मिले सब्सिडी

## फीफा विश्वकप के परिवहन किराये को लेकर बोलीं मिकी शेरिल

**न्यू जर्सी (अमेरिका), 16 अप्रैल** किराये में वृद्धि की आशंका के बीच न्यू जर्सी की गवर्नर मिकी शेरिल का कहना है कि इस गर्मी में होने वाले फुटबॉल विश्वकप के दौरान अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) को प्रशंसकों को परिवहन किराये में सब्सिडी देनी चाहिए।

'द एथलेटिक' ने इस हफ्ते की शुरुआत में रिपोर्ट दी थी कि एनवाई ट्रांजिट, न्यूयॉर्क के पेन स्टेशन से न्यू जर्सी के मेट लाइफ स्टेडियम तक की 30 मिनट की यात्रा के लिए 'स्पेशल इवेंट प्राइसिंग' (विशेष कार्यक्रम



किराया) लागू करने की योजना बना रहा है। स्टेडियम में होने वाले मैचों के लिए ट्रेन के एक टिकट की कीमत 100 डॉलर से भी अधिक हो सकती है - जो कि वापसी के सामान्य किराए 12.90 डॉलर से सात गुना अधिक है। किसी भी तरह की रियायती कीमतों की योजना नहीं है, इसलिए बच्चों और बुजुर्गों को भी पूरा किराया देना होगा।

> यह अपील ऐसे समय की गई जब बॉस्टन के बाहर फॉक्सबोरो स्थित जिलेट स्टेडियम में होने वाले मैचों के लिए ट्रेन का किराया काफ़ी बढ़ाकर 80 डॉलर कर दिया गया था, और कोच टिकटों की कीमत 95 डॉलर रखी गई है।

## आईपीएल में आज

### रोमांचक मुकाबला तय, शुभमन गिल और राशिद खान से उम्मीद

# जीत की तलाश में केकेआर, लेकिन जीटी का रिकॉर्ड और फॉर्म दोनों मजबूत

**अहमदाबाद, 16 अप्रैल** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 25वां मुकाबला शुक्रवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेला जाएगा। यह मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां दोनों टीमें अलग-अलग परिस्थितियों और अलग-अलग मनोबल के साथ मैदान पर उतरेंगी।

केकेआर इस सीजन अब तक अपनी लय हासिल करने में पूरी तरह सफल नहीं रही है। टीम ने पांच मैच खेले हैं, जिनमें उसे चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। केवल एक अंक उसे पंजाब किंग्स के खिलाफ





बारिश के कारण रद्द हुए मैच से मिला है। कप्तान अजिंक्य रहाणे की अगुवाई में टीम लगातार जीत की तलाश में है, लेकिन बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में स्थिरता की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

कोलकाता की बल्लेबाजी का दारोमदार इस समय कप्तान अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी पर है। वहीं मध्यक्रम में रिंकू सिंह और रोवमैन पॉवेल जैसे खिलाड़ियों से उम्मीदें बनी हुई हैं, लेकिन टीम को लगातार बड़े स्कोर तक पहुंचाने में कठिनाई हो रही है। गेंदबाजी में सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती जैसे अनुभवी गेंदबाजों पर जिम्मेदारी है कि वे गुजरात के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को रोक सकें।

दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस इस मुकाबले के लिए अपने घरेलू मैदान पर उतर रही है और टीम का प्रदर्शन अब तक मिला-जुला रहा है। चार में से दो मुकाबले हारने के बाद जीटी प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर है। हालांकि टीम ने पिछले दो मुकाबलों में दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत दर्ज कर वापसी के संकेत दिए हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है।

गुजरात की बल्लेबाजी का मुख्य आधार कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन हैं, जो लगातार रन बना रहे हैं और टीम को मजबूत शुरुआत दे रहे हैं। मध्यक्रम और फिनिशिंग विभाग में टीम को बेहतर प्रदर्शन की जरूरत है, लेकिन कुल मिलाकर बल्लेबाजी यूनिट स्थिर नजर आ रही है। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा और दुनिया के शीर्ष स्पिनरों में शामिल राशिद खान टीम के सबसे बड़े हथियार हैं।

> दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए मुकाबलों में गुजरात टाइटंस का पलड़ा भारी रहा है। कुल पांच मैचों में जीटी ने तीन में जीत दर्ज की है, जबकि केकेआर केवल एक मुकाबला जीत सकी है और एक मैच बिना परिणाम के समाप्त हुआ है। यह आंकड़ा भी गुजरात के आत्मविश्वास को और मजबूत करता है। केकेआर के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है, क्योंकि लगातार हार से टीम पर दबाव बढ़ता जा रहा है। यदि टीम इस मैच में भी जीत दर्ज नहीं कर पाती है, तो प्लेऑफ की दौड़ में उसकी स्थिति और कमजोर हो सकती है। वहीं गुजरात टाइटंस के लिए यह मैच अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने और शीर्ष चार में जगह बनाने का अवसर है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों को मदद देती है, लेकिन शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को स्विंग और उछाल मिल सकती है।